तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 7 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

नगर में तेज आंधी बारिश ने मचाई तबाही सड़कों पर गिरे पेड़ और टूटे बिजली के तार
4



## खबर संक्षेप

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन के लिए आवेदन अब 12 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले मे जेन्डर विशेषज्ञ के 1 स्वीकृत संविदा पद की पूर्ति हेतु आवेदन 8 मई को कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। उक्त तिथि में संशोधित करते हुए आवेदन अब 12 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा है कि उक्त पद पर निर्धारित दिशा-निर्देश में कंडिका क्रमांक 1 में 01 जनवरी 2026 को 21 वर्ष से कम तथा अधिकतम 45 वर्ष किया गया था। जिसे 50 वर्ष माना जाये।

### गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 10 से

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों का वितरण 10 से 31 मई तक संबंधित विद्यालयों में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकती हैं। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरीराम जायसवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न विकासखंडों में कुल 5 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें विकासखंड अकलतरा के ग्राम हरदी, बलौदा के ग्राम पहरिया, बम्हनीडीह के ग्राम बिर्रा, नवागढ़ के ग्राम बरगांव तथा पामगढ़ के ग्राम ससहा में विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण बालिकाएं आवेदन कर सकती हैं। पात्रता के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक तथा सामान्य वर्ग के बीपीएल परिवारों की छात्राएं शामिल हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में छात्राओं के लिए आवास, भोजन, ड्रेस एवं अध्ययन सामग्री की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है।

### नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों में भर्ती के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग की अधीनस्थ जांजगीर-चांपा के लिए स्वीकृत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जांजगीर-चांपा में मेडिको सोशल वर्कर 3 पद, स्टेनोग्राफर ग्रेड-3, 1 पद, टेक्निशियन 10 पद, सहायक ग्रेड-3 1 पद, डिसेक्शन हॉल अटेडेन्ट 1 पद पर संविदा नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन 6 से 13 मई सायं 5 बजे तक आंमत्रित गया है।

### मशीन में फिंगर प्रिंट स्कैन नहीं हो पाने से सता रही चिंता

# महतारी वंदन : ई केवाईसी अपडेट कराने महिलाओं की बढ़ी दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई केवाईसी अपडेट कराने महिलाओं को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। भीषण गर्मी में महिलाए केवाईसी अपडेट कराने च्वाईस सेंटरों में पहुंच रही है। भीड अधिक होने के कारण अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इसके बावजूद बहुत सी महिलाओं का केवाईसी अपडेट नहीं हो पा रहा। खासकर अधेड़ उम्र की महिलाओं का फिंगर प्रिंट मशीन में अपग्रेड नहीं हो पा रहा है।ऐसे में कई जरूरतमंद महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के तहत जांजगीर-चांपा जिले में 2 लाख 10 हजार से भी अधिक महिलाओं को निर्धारित पात्रता के अनुसार हर महीने 1 हजार रुपए की राशि शासन द्वारा प्रदान की जा रही है। सालाना उन्हें 12 हजार की राशि उनके बैंक खातों के माध्यम से मिल रही है। इधर शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की अब केवाईसी अपडेट कराई जा रही है। महिलाओं के बैंक खाता, आधार एवं मोबाइल नंबर ई केवाईसी किया जाना है ताकि सरकार द्वारा राशि भेजने के बाद किसी तरह की कोई परेशानी ना हो । इधर केवाईसी अपडेट को लेकर महिलाएं बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत एवं सरकार द्वारा अधिकृत अन्य संस्थाओं में ई केवाईसी करने पहुंच रही है । योजना की राशि पाने के लिए केवाईसी अपडेट कराने महिलाएं भीषण गर्मी में मशक्कत करती नजर आ रही है। भीड अधिक होने के कारण कई जगहों पर लंबी कतार लग रही है। ऐसे में कई घंटों की मशक्कत के बाद केवाईसी अपडेट हो पा रहा है। खास बात यह है कि ई केवाईसी अपग्रेड को लेकर कई महिलाओं का फिंगरप्रिंट मशीन में अपग्रेड नहीं हो पा रहा है। ऐसे में महिलाओं को अपने राशि को लेकर चिंता सता रही है। इस तरह की समस्या बलौदा अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़ समेत अन्य विकासखंड के ग्राम पंचायत में देखने को मिल रही है। इधर महिलाएं की केवाईसी अपडेट को लेकर सुबह से ही ग्राम पंचायत भवन में नजर आ रही है ताकि उनका काम समय पर हो सके लेकिन इस तरह की तकनीकी समस्या एवं अन्य कारणों के चलते उनके बैंक खाता एवं अन्य दस्तावेजों का ई केवाईसी अपडेट नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पात्रता के अनुसार महिलाओं द्वारा योजना का लाभ लेने आवेदन जमा किया गया था। इसके बाद उन्हें पात्रता के अनुसार योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। अब केवायसी अपडेट नहीं होने से महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।



#### दिया जा चुका है प्रशिक्षण

महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी करने वाले सीएससी ऑपरेटर एवं ग्राम पंचायत के डाटा एंट्री ऑपरेटर को महिलाओं के बैंक खातों मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड किस तरह से ई केवाईसी करना है। इसे लेकर ऑपरेटर को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है । इसके बावजूद कई प्रकार की तकनीकी वजह से महिलाओं का फिंगरप्रिंट मशीन में एक्सेप्ट नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा सर्वर की भी समस्या बनी हुई है। ऐसे में महिलाओं की दिक्कतें बढ़ गई है उन्हें ई केवाईसी को लेकर कई बार पंचायत एवं सीएससी सेंटर का चक्कर भी लगाना पड़ रहा है।

#### ली जाएगी जानकारी

योजना के तहत लाभ लेने वाली महिलाओं के लिए ई केवाईसी अपडेट अनिवार्य कर दिया गया है। जिन स्थानों पर अपडेट करने में किसी तरह की समस्या आ रही हो तो इसकी जानकारी लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

-श्रीमती अनीता अग्रवाल
महिला एवं बाल विकास अधिकारी

# कोटपा अधिनियम का उल्लंघन, 67 से अधिक संस्थानों पर चालानी कार्रवाई

## औषधि स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन ने दबिश देकर की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

औषधि स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा तंबाकूयुक्त पदार्थो के अवैध बिक्री की जांच करने दुकानों में दबिश दी गई। इस दौरान पान मसाला, बीडी सिगरेट व तंबाकू के अवैध बिक्री की जांच की गई। इस दौरान कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 67 संस्थानों पर चालानी कार्रवाई की।

ज्ञात हो कि कोटपा अधिनियम के तहहत संयुक्त टीम द्वारा

- जांजगीर एवं सक्ती जिले के विभिन्न संस्थानों में संयुक्त रूप से चला अभियान

जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़, बम्हनीडीह ब्लॉक , एवं अकलतरा ब्लॉक मे पान दुकान, बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन, स्कूल परिसर के समीप तम्बाकू एवं सिगरेट की बिक्री करने के 55 मामले सामने आए। जिस पर औषधि प्रशासन की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 6 हजार से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही भीड़भाड वाले स्थानों पर बीडी, सिगरेट, पान मसाला की बिक्री नहीं करने दुकान संचालकों को निर्देशित किया गया। सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत जिले में कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार सक्ती जिले के बाराद्वार क्षेत्र में औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त एंव आरक्षक अयूब खान एवं राजेश्वर कुर्रे की टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से तंबाकू पदार्थों के विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के अंतर्गत बाराद्वार में संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों की पहचान कर वहां गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, जर्दा तथा अन्य तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही की गई इन स्थानों पर कई विक्रेताओं को कोटपा एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करते पाया गया, जिनके विरुद्ध मौके कुल 12 चालानी कार्रवाई की गई और 2400 रुपये वसूल किए गए। साथ ही दुकानदारों को धूम्रपान संबंधी चेतावनी चिपकाने एवं सार्वजनिक रूप से धूम्रपान के लिए लाइटर या माचिस नहीं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कुल मिलाकर देखा जाए तो पुलिस औषिध एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर एवं सक्ती जिले में कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 67 दुकान संचालकों से 8 हजार 4 सौ रुप का जुर्माना वसूल किया गया। सयुक्त टीम में सहायक औषधि नियंत्रक रविंद्र कुमार गेंदले औषधि निरीक्षक हितेंद्र कुमार बांबोड़े औषधि निरीक्षक नेहा मिंज दुर्गेश कैवर्त्य के साथ स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे।


पान मसाला दुकान में कार्रवाई करने पहुंची टीम।

# वैज्ञानिक अधिकारियों ने बताए डीएनए, जैविक एवं भौतिक साक्ष्य संकलन व परीक्षण के तरीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अपराध एवं मर्ग विवेचना के लिए डीएनए, जैविक एवं भौतिक साक्ष्य संकलन तथा परीक्षण करने रेंज स्तरीय आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान आईजी की उपस्थिति में वैज्ञानिक अधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों को इन सब विषयों पर विवेचना के बेहतर तरीके बताए।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग द्वारा किया गया। इस दौरान वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रियंका लकड़ा एवं डॉ. स्वाति कुजुर ने हत्या, हत्या के प्रयास, बलात्कार के प्रकरणों में जब्त प्रदशों का डीएनए एवं जैविक भौतिक साक्ष्य संकलन परीक्षण करने को लेकर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेंपलिंग के दौरान प्रक्रियात्मक त्रुटि होने पर परीक्षण रिपोर्ट निष्क्रिय प्राप्त होते है। जिसका सीधा लाभ आरोपियों को मिलता है और वे दोषमुक्त हो जाते है। वैज्ञानिक अधिकारी डॉ प्रियंका लकडा ने न्यायालिक डीएनए (फोरेसिंक) पर विस्तार से जानकारी देते हुए न्याय का आधार, अद्वितीय पहचान, साक्ष्य के विविध स्त्रोत, मुख्य उपयोग के बारे में बताते हुए निर्भया केस, तंदूर मर्डर केस, श्रद्धावॉकर केस जैसे चर्चित मामलों का उदाहरण बताते हुए कहा कि इनमें डीएनए साक्ष्य आरोपियों को सजा दिलाने का आधार बने है। इसी प्रकार फोरेसिंक बायोलॉजी पर डॉ. स्वाति कुजूर ने प्रारंभिक परीक्षण जाति पहचान, क्षेत्रीय विस्तार, साक्ष्य संकलन के महत्व और निर्दोषता की सुरक्षा पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। चर्चा के दौरान उन्होंने सावधानी पर भी जोर देते हुए कहा कि डीएनए साक्ष्य एवं जब्त प्रदर्श बहुत संवेदनशील होते हे। नमी, अधिक तापमान ओर बैक्टिरिया इन्हें नष्ट कर सकते है। प्रशिक्षण में एक प्रश्नोत्तर काल भी रखा गया। जिसमें पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने विवेचना के दौरान आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयों के बारे में सवाल किए। इसका उत्तर भी वैज्ञानिक अधिकारियों ने दिया। कार्यशाला में रेंज के सभी जिलों से 2 सौ अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। अंत में पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने वैज्ञानिक अधिकारी डा प्रियंका लकड़ा एवं डा. स्वाति कुजुर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

#### पुलिस अफसरों की रेंज स्तरीय आनलाइन कार्यशाला


आनलाइन कार्यशाला में शामिल आईजी एवं वैज्ञानिक।

# स्कूल और घरों में चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूल और घरों में चोरी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से 1 लाख 3 हजार रुपए का सामान बरामद किया है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला भोजपुर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में सामने आया, जहां अज्ञात चोर खिड़की तोड़कर अंदर घुसा और कंप्यूटर प्रोजेक्टर, दो सिलिंग फैन एवं बीएसएनएल वाई-फाई राउटर सहित लगभग 40 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गया। दूसरी घटना बेलदारपारा चांपा में हुई, जहां एक सूने मकान का ताला तोड़कर एलईडी टीवी, पीतल-कांसे के बर्तन, साड़ी, घड़ी, आयरन और नगदी रकम चोरी कर ली गई। इसी तरह एक अन्य मामले में भोजपुर स्थित स्कूल परिसर के संकुल केंद्र से एलईडी टीवी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कूलर मोटर एवं अन्य सामग्री चोरी कर ली गई थी। विवेचना दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी के सामान को बेचने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर यश मिरी, अभिषेक मिरी, नितेश कुर्रे और आशीष धीवर को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने अलग-अलग स्थानों पर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से 2 एलईडी टीवी, कांसा बर्तन, वाई-फाई राउटर, प्रोजेक्टर, बैटरी और टुल्लू पंप सहित कुल 1 लाख 3200 का सामान जब्त किया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### भैंसा बाजार घाट में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**चांपा।** चांपा के पुराना कॉलेज क्षेत्र के पास स्थित भैंसा बाजार घाट में एक युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना भैंसा बाजार के पीछे घाट क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां स्थानीय लोगों ने पानी में एक शव देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया और प्रारंभिक जांच शुरू की। मृतक की पहचान राजू यादव के रूप में की गई है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। पुलिस द्वारा शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच एएसआई भुवनेश्वर राठौर द्वारा की जा रही है।

# चांपा–कोरबा मार्ग पर सड़क हादसा हाइवा कार की टक्कर में 2 की हालत गंभीर

जांजगीर-चांपा। चांपा–कोरबा मार्ग पर हाइवा–कार की टक्कर हो गई। घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में 5 से 6 लोग सवार बताए जा रहे है।

चांपा–कोरबा मुख्य मार्ग पर बुधवार 6 मई की सुबह करीब 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें हाइवा और कार के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं टक्कर के बाद हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे उसमें लोड गिट्टी पूरे मार्ग पर बिखर गई और कुछ देर के लिए आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चांपा की ओर से कोरबा जा रही कार अचानक विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार हाइवा से टकरा गई। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए और तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, कार में लगभग 5 से 6 लोग सवार थे। हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, वहीं अन्य सवारों को सामान्य चोटें आई हैं।




## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

प्रति,
कार्यसंचालक (NSDC)
मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)
शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,
भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013

प्रति,
कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स

महोदय,
.................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. जन्मतिथि अंकों में ..............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..............................
   मोबाइल नंबर ..............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

नोट : - (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पावर मजदूर संघ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस



**अकलतरा।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर छत्तीसगढ़ पावर मजदूर संघ (एचएमएस) यूनियन द्वारा श्रमिकों के सम्मान, अधिकारों एवं एकता को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रमिक साथियों, कर्मचारी प्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा श्रमिक हितों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने श्रमवीरों के अमूल्य योगदान को नमन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, वेदांता पावर प्लांट में हाल ही में हुई औद्योगिक दुर्घटना में दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। एचएमएस यूनियन के महामंत्री बलराम गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के विकास में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके परिश्रम और समर्पण से ही उद्योगों एवं अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। अतः यह आवश्यक है कि श्रमिकों को सुरक्षित कार्य वातावरण, उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया जाए। संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद साहू ने श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर प्रबंधन एवं शासन के समक्ष सकारात्मक पहल करने की अपील की। उन्होंने सभी श्रमिकों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सजग रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी अविनाश महिपाल, रामकृष्ण दीवार, लोभन साहू, मुकेश दुबे, मूलचंद नोरगे, तथा गजेन्द्र पुरी, बलराम जगत, महेश साहू, लोकनाथ सिदार, रामनाथ केवट, लक्ष्मी प्रसाद साहू, बसंत निर्मलकर, बसंत राठौर, अंबिकेश साहू, राजेंद्र साहू, संजय पुरी, मनोज विश्वकर्मा, वैभव राठौर, ईश्वर राठौर, रामसहाय साहू, राजकुमार निर्मलकर, शिव गोंड, राजू जगत, धनसिंह जगत, दुर्गेश यादव, दिलीप भारद्वाज, गोविंद टंडन, खगेंद्र राठौर, सतीश बर्मन, अमित कुरें, लखन राठौर, इंद्रा केवट, ओमप्रकाश कैवर्त्य, रमाकांत नोरगे, बीरेंद्र निर्मलकर, नन्दकुमार निर्मलकर सहित अन्य श्रमिक उपस्थित रहे।

### जिले में पर्यावरण कार्यालय खोलने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जगीर-चांपा।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी से सौजन्य मुलाकात कर जांजगीर-चांपा जिले में पर्यावरण कार्यालय खोलने हेतु आवेदन सौंपा गया। इस दौरान जिले में बढ़ते औद्योगिक विस्तार, पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता एवं आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिले में पृथक पर्यावरण कार्यालय की मांग प्रमुखता से रखी गई। आवेदन में बताया गया कि पर्यावरण कार्यालय खुलने से स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा तथा उद्योगों की निगरानी और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में भी तेजी आएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े के साथ विकास शर्मा जिला प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला एक औद्योगिक एवं कृषि प्रधान जिला है, जहां पर्यावरण संतुलन बनाए रखना बेहद आवश्यक है। स्थानीय स्तर पर कार्यालय खुलने से जनता को बिलासपुर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और जिले को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। पर्यावरण सुरक्षित होगा, तभी भविष्य सुरक्षित होगा। उल्लेखनीय है कि जिले में पर्यावरण विभाग का दफ्तर नहीं होने से लोगों को पर्यावरण विभाग से संबंधित कामकाज के लिए उन्हें बिलासपुर जाना पड़ता है। ऐसे में उन्हें समय के साथ राशि भी खर्च करनी पड़ती है।

सुशासन तिहार : नगर पालिका चांपा में 133 एवं ग्राम पंचायत तिलई में प्राप्त हुए 1106 आवेदन

# सरकार योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने कर रही कार्य : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पालिका चांपा के वार्ड क्रमांक 1 रूद्रेश्वरशरण सिंह सामुदायिक भवन एवं जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत तिलई के शासकीय हाई स्कूल तिलई में कड़ी में बुधवार 6 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थिति अतिथियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के तहत चाबी, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, केसीसी ऋण, श्रम कार्ड, विद्यार्थियों को गणवेश, श्रवण बाधित यंत्र, खाद्य, आयुष्मान कार्ड, वय वदंन कार्ड, पोषण आहार कीट, ई रिक्शा, जाति, निवास प्रमाण पत्र, चश्मा, पेंशन प्रमाण पत्र, स्वसहायता समूहों की दीदियों को ऋण सहित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत सामग्रियों, चेक का वितरण किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका चांपा में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 133 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत तिलई में कुल 1106 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 1069 मांग एवं 37 शिकायत से संबंधित है। छत्तीसगढ़ खनिज विकास



हितग्राहियों को चेक प्रदान करते छग खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह एवं अन्य अतिथि।

निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान करना है। सभी अधिकारी आपके द्वार पर उपस्थित हैं, इसलिए अपनी शिकायतों एवं मांगों का पंजीयन कराएं, ताकि उनका शीघ्र निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं चौपाल लगाकर लोगों से मिल रहे हैं, उनकी समस्याएं जान रहे हैं और समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से पाम ऑयल की खेती अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि शासन इसके लिए आवश्यक सुविधाएं एवं प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु शिविरों में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, इसलिए आमजन इन योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने भी संबोधित किया। इस दौरान खनिज विकास निगम के अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर सहित अधिकारियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने निर्देश दिए।

## लहंगा में हुआ जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन


**सक्ती।** जिले के जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत भाटापारा उद्यान लहंगा में 'सुशासन तिहार के तहत जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत सक्ती क्लस्टर के 20 ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए जिसमें कुल 296 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 123 आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष 173 आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के लिए संबंधित विभागो को प्रेषित कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया गया। इस शिविर में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य प्रशासन को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाना है। ग्राम पंचायत लहंगा में आयोजित इस शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाकर उन्हें उनका वास्तविक लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता है। इस तरह के शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करते हैं, जहां लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाता है।



कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्य करते हुए शीघ्र समाधान किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इन शिविरों से जुड़ें और अपनी समस्याओं का सरल एवं सुगम तरीके से निराकरण प्राप्त करें। जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने बताया कि सुशासन तिहार शासन की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दो प्रमुख उद्देश्य हैं। पहला, "सरकार आपके द्वार" की भावना के अनुरूप प्रशासन स्वयं गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सीधे सुनता है और उनका त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करता है। इससे आम नागरिकों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और उनकी समस्याओं का समाधान उनके अपने क्षेत्र में ही हो जाता है। दूसरा उद्देश्य शासन की विभिन्न योजनाओं और नीतियों की जानकारी प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में अपने अधिकारों और लाभों से वंचित न रहे। शिविर में कलेक्टर ने हितग्राहियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत एवं पूर्ण हो चुके आवासों के लिए स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा पूर्ण आवास वाले हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से चाबी सौंपी गई। साथ ही खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, मनरेगा के अंतर्गत जॉब कार्ड और बिहान की महिलाओं को आजीविका संवर्धन हेतु चेक का वितरण किया गया।

## क्षेत्र में जिओ नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ता खासे परेशान

**बिर्रा।** क्षेत्र में जिओ नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई महीना से जिओ का नेटवर्क बिर्रा सहित अंचल के तीन दर्जन गांवों में खराब हो जाने के कारण मोबाइल धारकों को परेशानी हो रही है। जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा और आसपास के तीन दर्जन गांवों में पिछले लगभग कई महीना से जिओ का नेटवर्क में खराबी आ जाने के कारण जिओ के मोबाइल उपभोक्ताओं को मोबाइल चलाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीना से जिओ का नेटवर्क बिर्रा के के अलावा क्षेत्र के कई गांवों में जिओ नेटवर्क का रेंज को कम कर दिए हैं, जिसके कारण जिओ का सिम चलाने वाले मोबाइल उपभोक्ताओं को खराब नेटवर्क के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आजकल 5जी के जमाना है। जिओ सिम चलाने वाले मोबाइल उपभोक्ताओ के द्वारा नेटवर्क से संबंधित कोई भी प्रकार से समस्या न हो और आसानी से उनका इंटरनेट से संबंधित सभी कार्य आसानी से हो जाए इसलिए कीमती मोबाइल रखे हुए है। लेकिन जिओ सिम के उपभोक्ताओं को आजकल नेटवर्क की समस्या से जूझना पड़ रहा हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पढ़ाई, ऑनलाइन कामकाज, बैंकिंग सेवाएं, और यहां तक कि आपातकालीन संपर्क भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। बिर्रा अंचल में कई युवा ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन जिओ नेटवर्क की समस्या के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल उपभोक्ताओं ने बताया कि जिओ ग्राहक सेवा हेल्पलाइन नंबर से कई बार शिकायत किया जा चुका है, लेकिन कोई स्थायी समाधान अब तक नहीं निकला है। जबकि ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक के पास में जिओ सिम का मोबाइल टावर लगा है।



## श्याम मंदिर चांपा का पन्द्रहवां चार दिवसीय स्थापना दिवस समारोह शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय मोदी चौक स्थित श्री श्याम मंदिर का पन्द्रहवां स्थापना दिवस प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में चार दिवसीय समारोह के रूप में बुधवार 6 से शनिवार 9 मई तक मनाया

- भव्य निशान यात्रा, श्री श्याम संकीर्तन, श्री श्याम पाठ व भंडारा प्रसाद का होगा आयोजन
- पहले दिन महिलाओं ने अपने हाथों में लगवाई श्याम नाम की मेहंदी

जायेगा। इस मौके पर भव्य निशान यात्रा, श्री श्याम संकीर्तन, श्री श्याम पाठ एवं भंडारा प्रसाद जैसे विविध आयोजन होंगे। समारोह के पहले दिन बुधवार 6 मई को श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम सखी मण्डल के सहयोग से महिलाओं ने श्री श्याम नाम की मेहंदी अपने हाथों में लगवाई।

यह जानकारी देते हुए श्री श्याम बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष संजय प्रहलादराय मोदी, सचिव गणेश मोदी तथा मीडिया प्रभारी शैलेश कुमार शर्मा ने बताया कि श्री श्याम बाबा सेवा समिति चांपा के तत्वाधान में इस वर्ष 6 से 9 मई तक मंदिर का पन्द्रहवां स्थापना दिवस समारोह धुमधाम से मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रथम दिवस बुधवार




श्री खाटु श्याम मंदिर।

6 मई को शाम 4 बजे से श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम सखी मण्डल के सहयोग से श्री श्याम नाम की मेहंदी का आयोजन किया गया। आयोजन के द्वितीय दिवस गुरूवार 7 मई को शाम 5 बजे से स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से श्री श्याम मंदिर तक श्याम भक्तों द्वारा भव्य निशान यात्रा निकाली जायेगी।

आयोजन के तृतीय दिवस शुक्रवार 8 मई को रात्रि 8 बजे से श्री श्याम मंदिर परिसर में श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया जायेगा। इसमें जयपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक आयुष सोमानी सहित जमनीपाली से आई भजन गायिका अमिशी-आशी तथा चांपा के भजन गायक पंकज अग्रवाल श्री श्याम भजनों की प्रस्तुति से श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। चार दिवसीय आयोजन के अंतिम दिवस शनिवार 9 मई को सुबह 9 बजे से श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम पाठ का आयोजन किया गया है। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे से मंदिर के सामने स्थित अनिल मोदी के निवास पर भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। इस चार दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में श्री श्याम बाबा सेवा समिति, श्री श्याम सखी मण्डल के अलावा श्री श्याम युवा मण्डल के पदाधिकारी एवं सदस्यगण जुटे हुए हैं। चार दिवसीय समारोह के दौरान श्री श्याम प्रभु का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, फूलों की होली, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत आदि भव्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।



भजन गायिका अमिशी-आशी, जमनीपाली



भजन गायक आयुष सोमानी



भजन गायक पंकज अग्रवाल

## सरस्वती शिशु मंदिर तागा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय तागा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बोर्ड कक्षा पंचम, अष्टम, दशम, द्वादश में अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर माता पिता,विद्यालय, गांव का नाम रोशन किया है।

इसमें कक्षा पंचम में हिमानी कौशिक 98% उषा साहू 97 प्रतिशत, आस्था भैना 96 प्रतिशत, नम्रता मिश्रा 96 प्रतिशत, आशी पटेल 94 प्रतिशत, गीता यादव 94 प्रतिशत, हिमांशी महंत 95 प्रतिशत, संस्कृति यादव 94 प्रतिशत, शौर्य चौबे 93 प्रतिशत, गीता यादव 94 प्रतिशत, गजेंद्र पटेल 92 प्रतिशत, दुर्गावती महंत 92 प्रतिशत, सोहन वर्मा 91 प्रतिशत, कक्षा अष्टम में पृथ्वीराज कश्यप 97 प्रतिशत, कान्हा यादव 94 प्रतिशत, अपेक्षा तिवारी 94 प्रतिशत, आंचल धीवार 93 प्रतिशत, अंजली धीवर 92 प्रतिशत, अनन्या कश्यप 90 प्रतिशत, कक्षा दशम में माया कश्यप 92.5 प्रतिशत, समृद्धि शर्मा 92 प्रतिशत, गायत्री 90 प्रतिशत, डिंपल आदित्य 88 प्रतिशत, माही यादव 83 प्रतिशत, मयंक यादव 83 प्रतिशत, दीपिका 78 प्रतिशत, नंदिनी 73 प्रतिशत, राशि 71 प्रतिशत, संज्ञा 68 प्रतिशत,समीर 67 प्रतिशत, नमन 66 प्रतिशत, रूखमणि 64 प्रतिशत, कक्षा द्वादश में श्रुति कश्यप 83 प्रतिशत, खुशबू यादव 82 प्रतिशत, आशीष यादव 80 प्रतिशत, कविता कैवर्त्य 80 प्रतिशत, अनुराग 75 प्रतिशत, चंचल कौशिक 72 प्रतिशत, गीतिका कश्यप 66 प्रतिशत, रितिका 66 प्रतिशत, प्रियंका 67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय परिवार प्रसन्नता जारि करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।



## किसान स्कूल में हुआ गायत्री यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह में स्थित भारत का पहला किसान स्कूल, जहां वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की पांचवी पुण्यतिथि पर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में सिवनी-चाम्पा के रामाधार देवांगन द्वारा विश्व कल्याण के लिए शांति मंगल पाठ किया गया।

वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, पुष्पा यादव व राजकुमार साहू ने बताया कि किसान स्कूल में प्रतिवर्ष स्व. कुंजबिहारी साहू की पुण्यतिथि पर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस दौरान गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता सिवनी-चाम्पा निवासी रामाधार देवांगन और उनके टीम के द्वारा विश्व के कल्याण के लिए मंत्रोच्चार के साथ शांति मंगल पाठ किया जाता है, वहीं उनकी जयंती पर किसान स्कूल में प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान समारोह, भाजी महोत्सव, कृषक संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे कृषि क्षेत्र में अन्य कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है.इस अवसर पर किसान स्कूल परिवार की अजय अग्रवाल,हिमांशु साहू,श्रीमती पुष्पा यादव, साधना यादव, पिंटू कश्यप, श्रवण कुमार कश्यप, उर्मिला यादव, राजाराम यादव, बाबूलाल यादव, रामायण सिंह कंवर और अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

# आंधी के साथ झमाझम बारिश, 3 घंटे तक बरसे बादल



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट लेते हुए तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। करीब 3 घंटे तक लगातार हुई बारिश से जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़-पौधे गिर गए, जिससे कुछ जगहों पर आवागमन प्रभावित हुआ। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। हालांकि, किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है।बारिश के चलते सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम में बदलाव और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।अचानक बदले मौसम ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन को कुछ समय के लिए प्रभावित भी किया।

### कई जगहों पर पेड़ गिरने से आवागमन हुआ बाधित

**जैजैपुर।** जैजैपुर सहित क्षेत्र में आंधी तूफान एवं तेज बारिश के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई स्थानों में पेड़ो के गिरने से आवागमन घंटो बाधित रहा। वहीं कुछ स्थानों में मकान एवं दुकान इस अंधड़ एवं तेज बारिश में ध्वस्त हो गया। नगर पंचायत जैजैपुर वार्ड क्रमांक 2 स्थित सेवा सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा जैजैपुर के बाउंड्री वॉल पर लगे पुराना सिरसा पेड़ के गिरने से बैंक का अहाता पूरी तरह ध्वस्त हो गया वहीं समीप एक मकान भी प्रभावित हुआ है, परन्तु कोई जनहानि नहीं हुई है। इसी तरह जनपद पंचायत जैजैपुर के निर्मित काम्प्लेक्स के पास विशाल सिरसा का पेड़ के गिरने से ठेला एवं गुमटी वाले प्रभावित हुए हैं। वही बाराद्वार जैजैपुर के मध्य मुख्य मार्ग में अनेक स्थानों पर बड़े बड़े पेड़ के गिरने से घंटों आवागमन बाधीत रहा है। जिसके चलते तहसील मुख्यालय सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों का विधुत व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है।



### शास्त्री चौक में कार्यकर्ताओं ने मनाया पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी जीत का जश्न

**अकलतरा।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन और ऐतिहासिक जीत की खुशी में सोमवार शाम शास्त्री चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। शाम 5 बजे शुरू हुए इस विजय उत्सव में ढोल-ताशों की गूंज और आतिशबाजी के बीच पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल बन गया।कार्यकर्ताओं ने भाजपा का ध्वज लहराते हुए जोरदार नारेबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नंदकुमार चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन में जनता ने भाजपा पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत देश की जनता के विश्वास और पार्टी की नीतियों की सफलता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है, जो लोकतंत्र के लिए एक नई शुरुआत साबित होगी।विजय उत्सव में प्रमुख रूप से नरेश केडिया, गोपेश तुलस्यान,कमलेश वैष्णव, गौरीरानी गुईन, सुनीता सिंह,सुशील जैन, उमाकांत भारते, दिनेश दास महंत, पिंटू बरेठ, आयुष शर्मा, आशीष कैवर्त ,सुमित राठी, गोवर्धन साहू, एजाज खान, विनोद निर्मलकर , निशु शर्मा लक्ष्मी बरेठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



## हॉलीवुड मसाला



### फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

**लॉस एंजिल्स।** न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज़ को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज़ अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज़ ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।



### क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



## इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

**मुंबई।** करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



## धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

**नई दिल्ली।** सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

## टीवी मसाला



### राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

**नई दिल्ली।** टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



## विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

## भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

**मुंबई।** 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सींस देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



### धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

## ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

#### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

#### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

#### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

#### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सोनचिरैया ने चलाया स्वच्छता अभियान, जगह-जगह की साफ सफाई




**जांजगीर-चांपा।** शहर के बोंगा तलाब, शारदा चौक क्षेत्र में ऑपरेशन सोनचिरैया की टीम द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान टीम ने 30 बोरी कचरा साफ किया, जिससे आसपास का वातावरण स्वच्छ और सुंदर बना।अभियान में टीम के सदस्य पार्थ तिवारी, अविरल तिवारी, किशोर कुमार खुटे, पिंटू यादव, प्रियांशु राठौर, निखिल राठौर, अभय सिंह राजपूत, सोम, सत्येंद्र तथा अंश साहू सक्रिय रूप से शामिल रहे। साथ ही अधिवक्ता संघ के सह सचिव शिव नारायण यादव की भी विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने अभियान को समर्थन देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इस दौरान टीम द्वारा स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरा इधर-उधर न फेंकने और अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने का संदेश दिया गया। ऑपरेशन सोनचिरैया के इस प्रयास की क्षेत्रवासियों ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे अभियानों को जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

### टैक्स बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष बने प्रमोद

**बहेराडीह।** ग्राम सिवनी के युवा प्रमोद कुमार देवांगन को टैक्स बार एसोएसिशन जांजगीर चांपा का



कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उनके टैक्स बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष बनने पर एसोसीएशन के अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल समेत कार्यकारिणी सदस्य भालचंद तिवारी, महेंद्र तिवारी, संदीप सिंह,रामनारायण देवांगन, लोकेश देवांगन, गिरीश देवांगन, जय भवानी देवांगन, हेतराम देवांगन,चूड़ामणि राठौर, राजेंद्र राठौर,रवि ग़वेल, रामाधीन राठौर, मनमोहन देवांगन, भुनेश्वर कश्यप,अशोक जायसवाल, धनराज देवांगन, लखन कुम्हार, आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### प्रभारी प्राचार्य एवं कवि गुलाब चंद डॉ. अंबेडकर कीर्ति सम्मान से अलंकृत



**खरौद।** वरिष्ठ कवि, साहित्यकार एवं शासकीय लक्ष्मणेश्वर कॉलेज खरौद के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद भारद्वाज को नागौर जिले स्थित बड़ी खाटू राजस्थान में 2026 का डॉ.अंबेडकर कीर्ति सम्मान प्रदान किया गया । ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम बाबा साहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती के तत्वावधान में नागौर जिले के रोहिणी ग्राम में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू एवं डॉ आंबेडकर प्रतिमा अनावरण सेवा समिति रोहिणी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ, जहां देश भर के उत्कृष्ट समाज सेवक एवं साहित्यकार उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम कबीर आश्रम के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत डॉ. भारत भूषण नानक दास महाराज के निर्देशन एवं नागौर विधायक हरेंद्र मिर्धा की मुख्य आतिथ्य, प्रोफेसर डॉ. परिन सोमानी सीईओ लंदन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्किल डेवलपमेंट ,डॉ.मंजू मेघवाल, जिला कलेक्टर डॉ.अमित यादव तथा महेश चंद्र शर्मा सरपंच रोहिणी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। डॉ. गुलाब चंद भारद्वाज को डॉ.अंबेडकर कीर्ति सम्मान अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु आश्रम सेवा संस्थान खाटू में संध्या वंदन एवं सतनाम भजन के दौरान डॉ.भारत भूषण नानक दास महाराज के हाथों प्राप्त हुआ। इस दौरान उनके दो पुत्र अभिषेक भारद्वाज और डॉ. हर्षवर्धन भारद्वाज उपस्थित रहे, जहां पर गायक कलाकारों ने सतनाम निर्गुण भजन की प्रस्तुति दी वहीं पर छत्तीसगढ़ कांसी स्थित खरौद के साहित्यकार डॉ. गुलाब चंद भारद्वाज ने भी संतों एवं महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करने की बात कहीं।

जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं

# दर्जनभर गांवों में समय बेसमय हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

क्षेत्र में इन दिनों बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। बार-बार की बिजली की आवाजाही एवं समय बेसमय हो रही कटौती से उपभोक्ता खासे परेशान है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली के बार-बार आवाजाही एवं दिनभर में कई बार कटौती करने के कारण बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रायपुर के द्वारा कनिष्ठ यंत्री कार्यालय की स्थापना बिर्रा में की गई है ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की समस्याओं से निजात मिल सके। बिर्रा के बाजार चौक में 33/ 11 के वी सब स्टेशन बनाया गया है, ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का।समना ना करना पड़े। बावजूद इसके विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या जस की तस बनी हुई है।



सब स्टेशन बिर्रा।

क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिर्रा में विद्युत वितरण केंद्र खुलने से मन में आस जगी थी कि अब बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा, लेकिन आज भी ग्रामीणों की समस्याएं जस की तस बनी हुई है। आए दिन बिजली कटौती हो रही है। कभी डियो के कटने तो कभी जम्फर के कटने या फिर तार टूटने की बात कहते हुए बिजली बंद कर दी जाती है। इसके अलावा 33 केव्ही में फाल्ट आना आम बात हो गया है। बिजली की बार बार कटौती से विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली के बार-बार आने जाने एवं दिनभर बिजली की स्थाई कटौती करने के कारण बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि अगर मौहाडीह में या बसंतपुर, देवरहा में बिजली की कोई भी समस्या आती है तो सबसे पहले बिर्रा की सिटी लाइन को बंद कर दी जाती है। उसके बाद कर्मचारी वहां जाकर फाल्ट को सुधरता है, जहां समस्या है वहां जंपर काटकर सुधार कार्य नहीं किया जाता है, जिसके कारण बिर्रा के व्यापारियों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की प्रत्येक दिन की बार-बार की आवाजाही से ना दिन में आराम मिल रहा है ना रात में सुकून मिल पा रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं ने बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर सुचारु रुप से सप्लाई बहाल करने की मांग की है ताकि बार-बार की बिजली की आवाजाही से निजात मिल सके।

## नगर में तेज आंधी बारिश ने मचाई तबाही
## सड़कों पर गिरे पेड़ और टूटे बिजली के तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

अचानक बदले मौसम के मिजाज और तेज आंधी और बारिश के साथ आए तूफान ने नगर की व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ दिया। सैकड़ों पेड़ जड़ से उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े वहीं कई जगहों पर बिजली के तार टूटकर लटक गए जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ। लोग रात भर दहशत में रहे और गर्मी के बीच बिजली गुल होने से हालात और भी खराब हो गए ।

तूफान के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह जगह पेड़ गिरने से बिजली तार टूट गए और पूरा नगर अंधेरे में डूब गया। कई घंटों तक बिजली बंद रहने से लोगों को भारी गर्मी और परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि बिजली विभाग की टीम ने पूरी रात मौके पर रहकर स्थिति को संभाला और एक-एक कर खराब लाइनों को सुधारते हुए सप्लाई बहाल करने का प्रयास किया गया। इस तेज तूफान का असर सिर्फ नगर तक सीमित नहीं रहा बल्कि ग्रामीण इलाकों में किसानों को भी बड़ा झटका लगा जो धान की फसल कटने के इंतजार में थी वह तेज हवा और बारिश से पूरी तरह जमीन पर गिर गई वहीं जो धान पहले से कटकर रखा गया था उसमें पानी भरने से नमी आ गई जिससे लाखों रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है किसान अब अपनी मेहनत को बर्बाद होते देख चिंता में डूबे हुए हैं ।

**आंधी में उड़ गए घरों के टीन और छप्पर, खुले आसमान के नीचे गुजरी लोगों की रात-** तेज हवा की रफ्तार इतनी खतरनाक थी कि कई घरों की टीन छत उड़कर दूर जा गिरी वहीं कच्चे और छप्पर वाले मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा कई परिवारों को रात के अंधेरे में अपने घर छोड़कर सुरक्षित जगह तलाशनी पड़ी जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा बच्चों और बुजुर्गों में डर का माहौल बना रहा ।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व शिक्षक।

## शिक्षकों ने सीखे आधुनिक शिक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- संस्कार पब्लिक स्कूल में नवाचारी शिक्षण और ए.आई. पर कार्यशाला आयोजित

शिक्षा के बदलते परिवेश और तकनीक के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए, संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास हेतु एक दिवसीय सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में आयोजित इस सत्र में शिक्षकों को न केवल आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल टूल्स के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में मंच पर विद्यालय के प्राचार्य वी. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या रूपल उपाध्याय, मुख्य वक्ता ललित कुमार वर्मा (टी.जी.टी., अंबुजा विद्या पीठ) और पुष्पेंद्र पुरी गोस्वामी (पी.जी.टी., नुवोको पब्लिक स्कूल) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मेघादीप द्वारा किया गया। प्रथम सत्र में एआई इन क्लासरूम पुष्पेंद्र पुरी गोस्वामी ने कक्षा में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) के प्रभावी प्रयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे तकनीक के माध्यम से शिक्षण को और अधिक व्यक्तिगत और इंटरैक्टिव बनाया जा सकता है। द्वितीय सत्र में ललित वर्मा ने चैट जीपीटी, उसके विभिन्न टूल्स और क्यू.आर. कोड बनाने की बारीकियों को विस्तार से समझाया। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें चंद्रहासिनी विद्यापीठ के शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों विद्यालयों के शिक्षकों ने समूह गतिविधियों और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से आधुनिक मूल्यांकन तकनीकों और कक्षा प्रबंधन को समझा। शिक्षक समाज निर्माण की आधारशिला हैं। बदलते समय के साथ शिक्षकों का 'सतत अधिगम' (लगातार सीखना) अनिवार्य है ताकि हम अपने विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण के अंत वी. के. मिश्रा प्राचार्य ने शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के सत्र उन्हें नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने संकल्प दोहराया कि भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा ताकि क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

## आध्यात्मिक सत्संग एवं शबरी भजन का आयोजन



**खरौद।** छग की काशी एवं शबरी की पावन धाम खरौद में प्रत्येक महीने के प्रथम रविवार को आध्यात्मिक सत्संग का कार्यक्रम विगत 14 वर्षों से होते आ रहा है। इसी तरह प्रत्येक पूर्णमासी को प्राचीन सबरी मंदिर खरौद में महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन होता है। ये दोनों कार्यक्रम एक साथ आयोजित किया गया। इस दौरान नगर के महिला मंडलियों द्वारा सुमधुर भजन गया। महामाया आध्यात्म परिषद के धनसाय यादव ने अपने उद्बोधन में सभी पुर्णिमाओं के महत्व को बताते हुए अजामिल आख्यांन के माध्यम से संदेश दिया कि भगवान का नाम जप निरंतर करते रहना चाहिए। अंतिम क्षण में उनका नाम आ जाने पर उस जीवात्मा की मुक्ति निश्चित हो जाती है। नीलम यादव पार्षद ने भी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गौतम बुद्ध के जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं शबरी भजन के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने सबका स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि जिस माता शबरी को भगवान श्री राम ने अपनी वन गमन के दौरान साक्षात दर्शन दिए थे एवं नवधा भक्ति का उपदेश दिया था हम उसी माता शबरी के मंदिर में इकट्ठा होकर भजन पूजन कर रहे हैं। अनेक पुरातन एवं आधुनिक लेखों द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि प्राचीन सबरी मंदिर खरौद में ही है। उन्होंने यह संकल्प पुनः दोहराया कि आराध्य देवी देवताओं के प्राकट्य दिवस पर उनके नाम पर वृक्षारोपण सब के सहयोग से किया जायेगा। कार्यक्रम में गौरी यादव, त्रिवेणी यादव, कांति बाई नोनिया, ललिता थवाईत,कीर्तनमती आदित्य, संविता रात्रे, शांति श्रीवास ,भगवती साहू, छठ बाई आदित्य, गंगाबाई साहू ,श्याम बाई आदित्य ,त्रिवेणी आदित्य, सावित्री साहू, दुलौरिनआदित्य ,जानकी देवी यादव मंगली बाई आदित्य ,आरुषि आदित्य, चंद्रप्रभा यादव, फगनी आदित्य ,जयंती शर्मा ,छोटी बाई आदित्य, मंटोरा आदित्य ,रामेश्वरी श्रीवास ,नीलम यादव, कावेरी यादव ,मदालसा यादव ,कांति कुमार यादव, हेमलाल यादव गुरुजी आदि उपस्थित रहे।

## गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों का वितरण 10 मई से 31 मई तक संबंधित विद्यालयों में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकती हैं। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरीराम जायसवाल ने बताया कि जिले के विकासखंड अकलतरा के ग्राम हरदी, बलौदा के ग्राम पहरिया, बम्हनीडीह के ग्राम बिर्रा, नवागढ़ के ग्राम बरगांव तथा पामगढ़ के ग्राम ससहा में विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण बालिकाएं आवेदन कर सकती हैं। पात्रता के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक तथा सामान्य वर्ग के बीपीएल परिवारों की छात्राएं शामिल हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में छात्राओं के लिए आवास, भोजन, ड्रेस एवं अध्ययन सामग्री की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है।

## लंबित मामलों को आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से निष्पादन करने समाधान समारोह का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता एवं सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन की शुरुआत 21 अप्रैल से की जाएगी। समापन अगस्त माह में एक विशेष लोक अदालत आयोजन के साथ होगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21,22 एवं 23 अगस्त को किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण/ समिति के मध्यस्थता केंद्रों में किया जाएगा। सुलह वार्ता की प्रक्रिया 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। इस समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से त्वरित निष्पादन करना है। अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं सभी संबंधित पक्षों से अपील की गई है कि वह इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले और आपसी सहमति से समाधान की दिशा में प्रयास करें। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण/समिति के अधिकारी सहयोग प्रदान करेंगे। अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म भरना होगा। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है।

